पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 19 सितम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने बीएससी ऑनर्स 4 वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह फैसला कोरोना महामारी के चलते विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए लिया है। अब बढ़ी हुई तिथि के अनुसार कोई भी उम्मीदवार जिसने बीएससी ऑनर्स 4 वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन नहीं किया था, वह नए सिरे से आवेदन कर सकता है। जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन कर रखा है, उन्हें दोबारा से आवेदन करने की जरूरत नहीं है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2020 है। फीस जमा कराने की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2020 है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर बीआर कंबोज ने बताया कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक दाखिला संबंधी अन्य नई जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निरंतर चेक करते रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम .... नित्य शक्ति टाइम्स ....

दिनांक 19. 9. 2020 पृष्ठ संख्या ...... — ...... कॉलम ...... — ......

हकृवि ने बीएससी एग्रीकल्चर की 4 वर्षीय कोर्स की अंतिम तिथि 23 तक बढ़ाई

हिसार (नित्य शक्ति टाइम्स न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने बीएससी ऑनर्स 4 वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह फैसला कोरोना महामारी के चलते विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए लिया है। अब बढ़ी हुई तिथि के अनुसार कोई भी उम्मीदवार जिसने बीएससी ऑनर्स 4 वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन नहीं किया था, वह नए सिरे से आवेदन कर सकता है। जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन कर रखा है, उन्हें दोबारा से आवेदन करने की जरूरत नहीं है । आवेदन भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2020 है। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2020 है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर बीआर कंबोज ने बताया कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक दाखिला संबंधी अन्य नई जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निरंतर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम......पाँच बजे......

दिनांक 19.9.2020......पृष्ठ संख्या......—......कॉलम......—......

एचएयू ने बीएससी एग्रीकल्चर की 4 वर्षीय कोर्स की अंतिम तिथि बढ़ाई

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार ने बीएससी ऑनर्स 4 वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ा दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह फैसला कोरोना महामारी के चलते विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों की परेशानी को देखते हुए लिया है। अब बढ़ी हुई तिथि के अनुसार कोई भी उम्मीदवार जिसने बीएससी ऑनर्स 4 वर्षीय कोर्स के लिए आवेदन नहीं किया था, वह नए सिरे से आवेदन कर सकता है। जिन उम्मीदवारों ने पहले आवेदन कर रखा है, उन्हें दोबारा से आवेदन करने की जरूरत नहीं है । आवेदन भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2020 है। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 24 नवंबर 2020 है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर बीआर कंबोज ने बताया कि विद्यार्थी और उनके अभिभावक दाखिला संबंधी अन्य नई जानकारियों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निरंतर चेक करते रहें।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या 2 कॉलम 1-3

एचएयू में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

इम्युनिटी बूस्टिंग के लिए मोटे अनाज व हरी-सब्जियों का ज्यादा करें प्रयोग

सिटी रिपोर्टर • वर्तमान समय में अनेक गर्भवती महिलाएं और बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रुकती है। ऐसे में कुपोषण और एनीमिया चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन और जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। यह विचार विधायक कमल गुप्ता ने एचएयू में आयोजित हुए एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार में व्यक्त किए। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भोजन में मोटे अनाज, हरी-सब्जियों और सूक्ष्म तत्वों से भरपूर अन्न का सेवन करना चाहिए। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जैसा अन्न वैसा मन।

स्मार्टफोन की मदद से पता चलेगा भोजन में कितने हैं लौह तत्व

वेबिनार में व्याख्यान देते हुए यू.एस.ए. की फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डॉ. जुआन एंड्रेड ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक को विकसित किया है, जिसमें स्मार्टफोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

मोटापा और सूक्ष्म तत्वों की कमी से जूझ रहा देश

एचएयू के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित हैं। दूसरी तरफ उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शरीर में जिंक, लौह तत्व, विटामिन-ए आदि की कमी शरीर में तत्काल नजर नहीं आती। इसके लक्षण बहुत लंबे समय बाद दिखाई देते हैं, जिसे हिड्न हंगर यानि छिपी हुई भूख के नाम से जाना जाता है।

700 प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

एचएयू होम साइंस कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने पोषण माह के तहत करवाई जा रही गतिविधियों के लिए खाद्य एवं पोषण विभाग को बधाई दी। इस वेबिनार के लिए देश व विदेश से करीब 700 प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया। कार्यक्रम में विभाग की ओर से डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. उर्वशी नांदल, डॉ. वर्षा रानी का विशेष सहयोग रहा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम..... दैनिक जागरण.....

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या.....4.....कॉलम.....3-6.....

स्मार्ट फोन से जांच सकते भोजन की पौष्टिकता

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में रविवार को राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित हुआ। इसमें विधायक डा. कमल गुप्ता बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वेबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आइडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। वेबिनार में यूएसए की फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डा. जुआन अंद्रादे ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक को विकसित किया है, जिसमें स्मार्टफोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

दरअसल कई बार कई प्रोडक्ट के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचने पर लौह तत्वों में कमी आ जाती है या कंपनी अधिक लौह तत्व डालने का दावा करती है तो लोग इस टेस्ट से आसानी से लौह तत्व की मात्रा पता कर सकती है। इसमें एक विशेष प्रकार का पेपर दिया जाता है पेपर पर वह फूड डालना होता है इसके बाद उस पेपर पर जो परिणाम आए उसे मोबाइल एप से स्कैन करना है। स्कैन के बाद मोबाइल एप आपको रिजल्ट दिखा देगी। जबकि सामान्य तौर पर लैब में एक बड़ी रासायनिक प्रक्रिया के बाद लौह तत्वों का पता लगा जाता है।

वेबिनार के दौरान व्याख्यान देते मुख्यातिथि विधायक कमल गुप्ता , कुलपति प्रोफेसर समर सिंह व अन्य। • पीआरओ

जनआंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : कमल गुप्ता

विधायक डा. कमल गुप्ता ने कहा कि कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने कार्यक्रम मन की बात में कहा था कि वह देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने इस बारे में संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रुकती है।

मोटापा के साथ-साथ सूक्ष्म तत्वों की कमी से जूझ रहा है देश : प्रो समर सिंह

कुलपति प्रो समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित हैं। दूसरी ओर उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए हमें अपने भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल लोग अपने भोजन में पौष्टिक भोजन की अपेक्षा मैदा से बनी चीजें व तली हुई चीजों को फास्ट फूड के नाम पर खा रहे हैं। इससे पेट तो भर जाता है, लेकिन शरीर में आवश्यक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि शरीर में जिंक, लौह तत्व, विटामिन-ए आदि की कमी शरीर में तत्काल नजर नहीं आती। इसके लक्षण बहुत लंबे समय बाद दिखाई देते हैं, जिसे हिड्न हंगर यानि छिपी हुई भूख के नाम से जाना जाता है। देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, किंतु लोगों द्वारा उसका चयन गलत तरीके से हो रहा है। सचिव एवं मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की महानिदेशक अमनीत पी. कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एनीमिया को लेकर खास योजनाएं चलाई जा रही हैं। लोगों को एनीमिया के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। सरकार कुपोषण व एनीमिया की समस्या के निदान के लिए प्रयासरत है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.....पंजाब केसरी.....

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या.....3.....कॉलम.....1-4.....

जनांदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : कमल गुप्ता

एच.ए.यू. में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अंतर्राष्ट्रीय वैबिनार आयोजित

हिसार, 20 सितम्बर (ब्यूरो): कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। ये विचार स्थानीय विधायक कमल गुप्ता ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन वैबिनार में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वैबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आई.डी.पी. प्रोजैक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेक गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री के आह्वान पर देशभर में इसे राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है।



वैबिनार के दौरान व्याख्यान देते कमल गुप्ता, कुलपति प्रो. समर सिंह व अन्य।

इस वैबिनार को गूगल मीट के अलावा यू-ट्यूब पर भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभाग की ओर से डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. उर्वशी नांदल, डॉ. वर्षा रानी का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या....4....कॉलम....3-5....

जन आंदोलन व भागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : गुप्ता

भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें

हिसार (ब्यूरो)। कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जन भागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। यह बात विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की तरफ से राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार में कही। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सितंबर में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में इसे राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है।

अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने बताया कि विवि में भी फोर्टिफाइड किस्मों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है। कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित हैं। दूसरी ओर उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए हमें अपने भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डॉ. जुआन एंड्रेड ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक विकसित की है, जिसमें स्मार्ट फोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का पता लगाया जा सकता है। हरियाणा सरकार की सचिव अमनीत पी कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार एनीमिया को लेकर खास योजनाएं चला रही हैं। केन्या से पोषण विशेषज्ञ कैथरीन मैकारिया-मूटी ने वैश्विक स्तर पर बच्चों में अल्प पोषण, कम वजनी बच्चों के जन्म, किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं आदि में खून की कमी को दूर करने जैसी समस्याओं के प्रति अपने विचार व्यक्त किए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........हिसार टुडे........

दिनांक 20.9.2020 पृष्ठ संख्या........—........कॉलम........—........

एचएयू में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित, यूएसए व केन्या के विशेषज्ञों ने भी दिए व्याख्यान

जनआंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : डॉ. कमल गुप्ता

टुडे न्यूज़ | हिसार

कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय है। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। ये विचार माननीय विधायक कमल गुप्ता जी ने व्यक्त किए। वे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वेबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आईडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया।

मुख्यातिथि ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा था कि वे देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रूकती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देशभर में इसे राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भोजन में मोटे अनाज, हरी-सब्जियों और सूक्ष्म तत्वों से भरपूर अन्न का सेवन करना चाहिए। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जैसा अन्न वैसा मन। इसलिए इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए भोजन करना चाहिए। अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने मुख्यातिथि व सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया व कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में भी फोर्टिफाइड किस्मों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है।

वेबिनार के दौरान व्याख्यान देते मुख्यातिथि कमल गुप्ता, कुलपति प्रोफेसर समर सिंह व अन्य।

मोटापा के साथ-साथ सूक्ष्म तत्वों की कमी से जूझ रहा है देश

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित हैं। दूसरी ओर उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए हमें अपने भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल लोग अपने भोजन में पौष्टिक भोजन की अपेक्षा मैदा से बनी चीजें व तली हुई चीजों को फास्ट फूड के नाम पर खा रहे हैं। इससे पेट तो भर जाता है, लेकिन शरीर में आवश्यक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि शरीर में जिंक, लौह तत्व, विटामिन-ए आदि की कमी शरीर में तत्काल नजर नहीं आती। इसके लक्षण बहुत लंबे समय बाद दिखाई देते हैं, जिसे हिड्न हंगर यानि छिपी हुई भूख के नाम से जाना जाता है। देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, किंतु लोगों द्वारा उसका चयन गलत तरीके से हो रहा है।

स्मार्टफोन की मदद से पता चल जाएंगे भोजन में लौह तत्व

वेबिनार में व्याख्यान देते हुए यू.एस.ए. की फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डॉ. जुआन एंड्रेड ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक को विकसित किया है, जिसमें स्मार्टफोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसका उपयोग सामान्य लोग भी कर सकते हैं। हरियाणा सरकार की सचिव एवं मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की महानिदेशक अमनीत पी. कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एनीमिया को लेकर खास योजनाएं चलाई जा रही हैं। लोगों को एनीमिया के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। सरकार कुपोषण व एनीमिया की समस्या के निवारण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केन्या से पोषण विशेषज्ञ कैथरीन मैकारिया-मूटी ने अंतरराष्ट्रीय वेबिनार के माध्यम से वैश्विक स्तर पर बच्चों में अल्प पोषण, कम वजनी बच्चों के जन्म तथा किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा बच्चों में खून की कमी को दूर करने जैसी समस्याओं के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और उनके समाधान को लेकर चर्चा की।

700 प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने पोषण माह के तहत करवाई जा रही गतिविधियों के लिए खाद्य एवं पोषण विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इतनी तरक्की करने के बावजूद देश में कुपोषण की समस्या बहुत ही चिंताजनक है। खाद्य एवं पोषण विभाग की अध्यक्ष डॉ. संगीता चहल सिंधु ने बताया कि इस वेबिनार के लिए देश व विदेश से करीब 700 प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया। इस वेबिनार को गूगल मीट के अलावा यू-ट्यूब पर भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभाग की ओर से डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. उर्वशी नांदल, डॉ. वर्षा रानी का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........पाँच बजे........

दिनांक 20.9.2020 पृष्ठ संख्या.......—.......कॉलम.......—.......

एचएयू में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अंतरराष्ट्रीय वेबिनार आयोजित, यू.एस.ए. व केन्या के विशेषज्ञों ने भी दिए व्याख्यान

जनआंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : डा. गुप्ता

पांच बजे न्यूज

हिसार। कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। ये विचार माननीय विधायक श्री कमल गुप्ता जी ने व्यक्त किए। वे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वेबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आईडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा था कि वे देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रूकती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देशभर में इसे राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को

अपने भोजन में मोटे अनाज, हरी-सब्जियों और सूक्ष्म तत्वों से भरपूर अन्न का सेवन करना चाहिए। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जैसा अन्न वैसा मन। इसलिए इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए भोजन करना चाहिए। अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने मुख्यातिथि व सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया व कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में भी फोर्टिफाइड किस्मों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है।



मोटापा के साथ-साथ सूक्ष्म तत्वों की कमी से जूझ रहा है देश : प्रो. समर सिंह

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित है। दूसरी ओर उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए हमें अपने भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल लोग अपने भोजन में पौष्टिक भोजन की अपेक्षा मैदा से बनी चीजें व तली हुई चीजों को फास्ट फूड के नाम पर खा रहे हैं। इससे पेट तो भर जाता है, लेकिन शरीर में आवश्यक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि शरीर में जिंक, लौह तत्व, विटामिन-ए आदि की कमी शरीर में तत्काल नजर नहीं आती। इसके लक्षण बहुत लंबे समय बाद दिखाई देते हैं, जिसे हिड्न हंगर यानि छिपी हुई भूख के नाम से जाना जाता है। देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, किंतु लोगों द्वारा उसका चयन गलत तरीके से हो रहा है।

स्मार्टफोन की मदद से पता चल जाएंगे भोजन में लौह तत्व

वेबिनार में व्याख्यान देते हुए यू.एस.ए. की फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डॉ. जुआन एंड्रेड ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक को विकसित किया है, जिसमें स्मार्टफोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसका उपयोग सामान्य लोग भी कर सकते हैं। हरियाणा सरकार की सचिव एवं मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की महानिदेशक अमनीत पी. कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एनीमिया को लेकर खास योजनाएं चलाई जा रही हैं। लोगों को एनीमिया के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। सरकार कुपोषण व एनीमिया की समस्या के निदान के लिए प्रयासरत है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। केन्या से पोषण विशेषज्ञ कैथरीन मैकारिया-मूटी ने अंतरराष्ट्रीय वेबिनार के माध्यम से वैश्विक स्तर पर बच्चों में अल्प पोषण, कम वजनी बच्चों के जन्म तथा किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा बच्चों में खून की कमी को दूर करने जैसी समस्याओं के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और उनके समाधान को लेकर चर्चा की।

700 प्रतिभागियों ने कराया पंजीकरण

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने पोषण माह के तहत करवाई जा रही गतिविधियों के लिए खाद्य एवं पोषण विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इतनी तरक्की करने के बावजूद देश में कुपोषण की समस्या बहुत ही चिंताजनक है। खाद्य एवं पोषण विभाग की अध्यक्षा डॉ. संगीता चहल सिंधु ने बताया कि इस वेबिनार के लिए देश व विदेश से करीब 700 प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया। इस वेबिनार को गुगल मीट के अलावा यू-ट्यूब पर भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभाग की ओर से डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. उर्वशी नांदल, डॉ. वर्षा रानी का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम..........हैलो हिसार..........

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या.......—.......कॉलम.......—.......

जनआंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : डा. कमल गुप्ता

हैलो हिसार न्यूज

हिसार : कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। ये विचार माननीय विधायक श्री कमल गुप्ता जी ने व्यक्त किए। वे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वेबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आईडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी अपने कार्यक्रम

'मन की बात' में कहा था कि वे देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.....पल पल.....

दिनांक 20.9.2020.....पृष्ठ संख्या.....—.....कॉलम.....—.....

जनआंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है कुपोषण : कमल गुप्ता



पल पल न्यूज: हिसार, 20 सितंबर। कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। ये विचार विधायक श्री कमल गुप्ता जी ने व्यक्त किए। वे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वेबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आईडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा था कि वे देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रूकती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सितंबर माह में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देशभर में इसे राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भोजन में मोटे अनाज, हरी-सब्जियों और सूक्ष्म तत्वों से भरपूर अन्न का सेवन करना चाहिए। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जैसा अन्न वैसा मन। इसलिए इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए भोजन करना चाहिए। अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने मुख्यातिथि व सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया व कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में भी फोर्टिफाइड किस्मों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........नभ: छोर........

दिनांक 20.9.2020 पृष्ठ संख्या....—....कॉलम....—....

भोजन में मोटे अनाज, हरी.सब्जियों और सूक्ष्म तत्वों से भरपूर अन्न का सेवन करें: डॉ. गुप्ता

हिसार/20 सितंबर/रिपोर्टर

कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है। यह बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वैबिनार में बतौर मुख्यातिथि विधायक डॉ. कमल गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने कार्यक्रम मन की बात में कहा था कि वे देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रूकती है। उन्होंने अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने भोजन में मोटे अनाज, हरी.सब्जियों और सूक्ष्म तत्वों से भरपूर अन्न का सेवन करना चाहिए। शास्त्रों में भी कहा गया है कि जैसा अन्न वैसा मन। इसलिए इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए भोजन करना चाहिए। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वैबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आईडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत ने बताया कि विश्वविद्यालय में भी फोर्टिफाइड किस्मों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है। कुलपति प्रोफेसर समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित हैं। दूसरी ओर उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए हमें अपने भोजन में फल.सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल लोग अपने भोजन में पौष्टिक भोजन की अपेक्षा मैदा से बनी चीजें व तली हुई चीजों को फास्ट फूड के नाम पर खा रहे हैं। इससे पेट तो भर जाता है, लेकिन शरीर में आवश्यक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि शरीर में जिंक, लौह तत्व, विटामिन.ए आदि की कमी शरीर में तत्काल नजर नहीं आती। इसके लक्षण बहुत लंबे समय बाद दिखाई देते हैं, जिसे हिड्न हंगर यानि छिपी हुई भूख के नाम से जाना जाता है। देश में अनाज की कोई कमी नहीं है, किंतु लोगों द्वारा उसका चयन गलत तरीके से हो रहा है। वैबिनार में व्याख्यान देते हुए यूएसए की फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डॉ. जुआन एंड्रेड ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक को विकसित किया है, जिसमें स्मार्टफोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसका उपयोग सामान्य लोग भी कर सकते हैं। मेडिकल शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग की महानिदेशक व सचिव अमनीत पी कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा एनीमिया को लेकर खास योजनाएं चलाई जा रही हैं। लोगों को एनीमिया के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। सरकार कुपोषण व एनीमिया की समस्या के निदान के लिए प्रयासरत है। केन्या से पोषण विशेषज्ञ कैथरीन मैकारिया.मूटी ने वैश्विक स्तर पर बच्चों में अल्प पोषण, कम वजनी बच्चों के जन्म तथा किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा बच्चों में खून की कमी को दूर करने जैसी समस्याओं के प्रति अपने विचार व्यक्त किए और उनके समाधान को लेकर चर्चा की। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने कहा कि इतनी तरक्की करने के बावजूद देश में कुपोषण की समस्या बहुत ही चिंताजनक है। खाद्य एवं पोषण विभाग की अध्यक्षा डॉ. संगीता चहल सिंधु ने बताया कि इस वैबिनार के लिए देश व विदेश से करीब 700 प्रतिभागियों द्वारा पंजीकरण करवाया गया। इस वैबिनार को गुगल मीट के अलावा यूट्यूब पर भी आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभाग की ओर से डॉ. वीनू सांगवान, डॉ. उर्वशी नांदल, डॉ. वर्षा रानी का विशेष सहयोग रहा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.....जागमार्ग.....

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या.....—.....कॉलम.....—.....

कार्यक्रम

एचएयू में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत हुआ अंतरराष्ट्रीय वेबिनार

'जन आंदोलन व जन भागीदारी से मिटाया जा सकेगा कुपोषण'

- यूएसए व केन्या के विशेषज्ञों ने भी दिए व्याख्यान

जागमार्ग न्यूज

हिसार। कुपोषण व एनीमिया देश के लिए चिंता का विषय हैं। इन्हें केवल जन आंदोलन व जनभागीदारी से ही मिटाया जा सकता है।

यह बात हिसार के विधायक कमल गुप्ता हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार को संबोधित करते हुए कही। इंदिरा चक्रवर्ती महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बिमला ढांडा ने बताया कि इस वेबिनार का आयोजन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के आईडीपी प्रोजेक्ट के सहयोग से महाविद्यालय के खाद्य एवं पोषण विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा था कि वे देश को कुपोषण मुक्त भारत के रूप में देखना चाहते हैं। इसके लिए अनेक योजनाओं पर कार्य भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेकों गर्भवती महिलाएं व बच्चे एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से जूझ रहे हैं। इससे उनकी कार्य क्षमता पर विपरीत असर पड़ता है और समाज की प्रगति भी रूकती है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है, लेकिन इस बार प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देशभर में इसे राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने मुख्यातिथि व सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया व कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में भी फोर्टिफाइड किस्मों को विकसित करने की दिशा में काम चल रहा है।

मोटापा के साथ-साथ सूक्ष्म तत्वों की कमी से जूझ रहा है देश : प्रो. समर सिंह

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.समर सिंह ने कहा कि गत दशकों में आए खानपान के बदलाव के चलते देश में लोग मोटापे की समस्या से ग्रसित हैं। दूसरी ओर उनमें सूक्ष्म पोषक तत्वों की बहुत कमी हो गई है। इसलिए हमें अपने भोजन में फल-सब्जियां, फाइबर युक्त भोजन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल लोग अपने भोजन में पौष्टिक भोजन की अपेक्षा मैदा से बनी चीजें व तली हुई चीजों को फास्ट फूड के नाम पर खा रहे हैं। इससे पेट तो भर जाता है, लेकिन शरीर में आवश्यक तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती।

वेबिनार में व्याख्यान देते हुए यू.एस.ए. की फ्लोरिडा विश्वविद्यालय के खाद्य विज्ञान एवं मानव पोषण विभाग के डॉ. जुआन एंड्रेड ने कहा कि उन्होंने ऐसी तकनीक को विकसित किया है, जिसमें स्मार्टफोन की मदद से भोजन में मौजूद लौह तत्वों की मात्रा का आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसका उपयोग सामान्य लोग भी कर सकते हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........

दिनांक ..21.9.2020.. पृष्ठ संख्या.......2....... कॉलम......1-2......

कृषि विशेषज्ञ की सलाह

डॉ. कृष्ण यादव

इस माह के आखिरी सप्ताह में शुरू करे बरसीम की बिजाई

इस माह के आखिरी सप्ताह में बरसीम की बिजाई शुरू कर दें। बिजाई के लिए केवल बरसीम की सिफारिशशुदा किस्मों जैसे मैस्कावी हिसार बरसीम-1 व हिसार बरसीम-2 के शुद्ध बीजों को ही काम में लाएं। खेत को इस प्रकार तैयार करें कि मिट्टी भुरभुरी हो जाए, खरपतवार बिल्कुल न हों व खेत समतल हो। बिजाई से पहले खेत में पानी भर लें। बीजा छिट्टा विधि से खेत में एकसार डालें। ध्यान रखें कि बिजाई के समय हवा न चलती हो। यदि तेज हवा चल रही हो तो बीज को खेत में छिड़क कर ऊपरी मिट्टी में मिलाकर जल्द सिंचाई कर दें। ध्यान रहे कि बीज में कासनी व अन्य खरपतवार के बीज न हो।

डॉ. कृष्ण यादव
हरियाणा कृषि विवि में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

बरसीम की पहली अच्छी कटाई लेने के लिए बरसीम के बीज के साथ-साथ 500 ग्राम जापानी सरसों या चीनी सरसों या जई का 10 किलोग्राम बीज प्रति एकड़ काफी है। एक एकड़ में बिजाई के लिए लगभग 10 किलोग्राम बीज पर्याप्त होता है। बिजाई के समय 22 किलोग्राम यूरिया और 175 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट प्रति एकड़ के हिसाब से खेत में डालें। यदि उपर्युक्त दोनों उर्वरक उपलब्ध न हों तो प्रति एकड़ 50 किलोग्राम डीएपी बिजाई के समय डाल सकते हैं। अगर यह खेत में पहली बार बीजी जा रही है तो राइजोबियम का टीका लगाना न भूलें। यदि बरसीम के साथ जई की मिश्रित फसल लेनी है तो 35 किलोग्राम अतिरिक्त यूरिया प्रति एकड़ के हिसाब से बिजाई के समय देनी चाहिए। तना गलन रोग से बचाव के लिए रोगरोधी किस्म हिसार बरसीम-1 या हिसार बरसीम -2 उगाएं।

प्रस्तुति : अमित भारद्वाज, हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

समाचार पत्र का नाम.....दैनिक भास्कर.....

दिनांक 21.9.2020 पृष्ठ संख्या....1.....कॉलम....1-8.....

मंडे पॉजिटिव ■ पार्षद अमित ग्रोवर व सद्भावना संस्था ने खुद के खर्च पर रखा माली, ग्रीन बेल्ट को डिवेलप करने पर करीब 74 लाख का आएगा खर्च

एचएयू की हरियाली देख आया आइडिया, पार्षद ने लोगों के साथ मिलकर करनाल की तर्ज पर सेक्टर 16-17 में तैयार की पाम रोड

सेक्टर -13 के मेन रोड, सेक्टर 9-11 के मेन रोड और तोशाम रोड को भी विकसित करने का प्लान

भास्कर न्यूज | हिसार

सीएम सिटी करनाल की तर्ज पर हिसार के वार्ड 14 में पार्षद अमित ग्रोवर द्वारा सेक्टर 16-17 की मेन रोड को पाम रोड बनाया गया है। इस रोड पर सैकड़ों की संख्या में वाशिंगटना पाम और बोटल पाम लगाए गए हैं। शहर के ओपन रोड की बात करें तो यहां कोई ऐसा रोड नहीं है जो इसका मुकाबला कर सके। शहर का अब यह सबसे हराभरा और स्वच्छ रोड बनाया जा रहा है।

पार्षद अमित ग्रोवर ने बताया कि वार्ड को ग्रीन बनाने का आइडिया उन्हें एचएयू से मिला था। वहां पर लोग सुबह शाम शुद्ध हवा के लिए घूमने के लिए निकलते हैं। इसे देखकर उन्होंने ठाना कि वार्ड में ऐसी व्यवस्था की जाए कि यहां के लोगों को भी ऐसी सुविधा मिले। उन्होंने पहले नगर निगम अधिकारियों से बात कर हाउस में एजेंडा पास करवाया और फिर खुद के पैसों और जनता के सहयोग से पौधे लगाकर आदर्श वार्ड बनाने की प्लानिंग की। यह शहर का आदर्श रोड होगा। इसकी ग्रीन बेल्ट को डिवेलप करने पर करीब 74 लाख रुपये का खर्च आएगा। 2.5 किलोमीटर रोड को एचएयू की तर्ज पर विकसित किया जाएगा।

2.5 किलोमीटर रोड लंबे रोड पर फुल ग्रीनरी

सेक्टर 16-17 की ग्रीन बेल्ट में पौधे लगाते हुए। पार्षद ने बताया अब सेक्टर -13 के मेन रोड, सेक्टर 9-11 के मेन रोड व तोशाम रोड को भी विकसित करने की योजना है।

तीन महीने से जुटे हैं समाजसेवी, गावड़िया ने सहारनपुर से पाम के पौधे मंगवाए

करनाल में रोड किनारे सरकार ने लाखों रुपये के पेड़ लगाए हैं। मेनटेनेंस भी सरकार करा रही है। लेकिन यहां पार्षद ने सद्भावना संस्था के सदस्यों व समाजसेवी लोगों से संपर्क कर पेड़-पौधे लिए हैं। पार्षद पिछले 3 महीने से दिन-रात इस कार्य में लगे हैं। पिछले 2 महीने की मानदेय से स्थायी माली व पानी की व्यवस्था कर रहे हैं और स्वयं श्रमदान भी करते हैं। समाजसेवी राजेन्द्र गावड़िया ने सहारनपुर से पाम के पेड़ व ट्री गार्ड उपलब्ध करवाए हैं।

• ग्रीनरी बढ़ाने में इनका भी रहा योगदान

इस प्रोजेक्ट में निगम आयुक्त अशोक गर्ग, विनोद बेनीवाल सरपंच, सुशील खरींटा, ऋषि सैनी, राकेश अग्रवाल, त्रिलोक बंसल का विशेष योगदान रहा है। यहां फलों के अलावा पीपल, बड़ अन्य छायादार व ओषधीय पौधे भी लगाने की प्लानिंग है।